कार्रवाई

पुलिस ने दुबे कॉलोनी क्षेत्र में घेराबंदी कर पकड़ा, आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

# कट्टा-कारतूस सहित युवक गिरफ्तार



**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत दुबे कॉलोनी क्षेत्र में कट्टा लेकर अपराध घटित करने की नियत से घूम रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास भी किया। जिसे पुलिस कर्मियों ने घेराबंदी कर पकड़ा। युवक की तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडेय ने कि क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।इस दौरान दुबे कॉलोनी स्थित आदि शिवधाम के पास एक युवक संदिग्ध हालत में दिखा। युवक पुलिस वाहन को देखकर नदी की ओर भागने काप्रयास करने लगा। तभी उसे पुलिस बल ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। संदेह के आधार पर युवक की तलाशी लगी गई तो उसके पास एक देशी कट्टा और जिंदा कारतूस मिली। युवक से हथियार के लायसेंस के दस्तावेजों को दिखाने के लिए कहा गया। लेकिन उसने लायसेंस होने से इंकार कर दिया। पुलिस ने अवैध रूप से देशी कट्टा और कारतूस रखने पर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी बैलट घाट क्षेत्र निवासी अमित पिता गणेश दाहिया है। कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडेय ने बताया कि पुलिस की सक्रियता के कारण आरोपी कोई गंभीर वारदात को अंजाम देने से पहले ही पकड़ गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और अपराधिक तत्वों के खिलाफ लगातार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली पुलिस का मुख्य उद्देश्य आमजन को सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना है। पुलिस ने बताया कि पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिक्ति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई है। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी कोतवाली राखी पांडेय, एसआई कुलदीप सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र तिवारी, आरक्षक अजय प्रताप सिंह, उपेन्द्र सिंह, मंसूर हुसैन, अजीत सिंह ओर दिनेश सेन की भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर आसामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है।

## सीएम राइज स्कूल झिंझरी में आज होगा गीता महोत्सव

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर सोमवार एक दिसंबर को सुबह 11 बजे सीएम राईज मॉडल स्कूल झिंझरी में जिला स्तरीय भव्य अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सीएम राईज झिंझरी, बार्डसले इंग्लिश और हिन्दी मीडियम स्कूल, सेंटपाल स्कूल, सरस्वती स्कूल, नालंदा स्कूल, डीएव्ही स्कूल कुठला, उत्कृष्ट हासे स्कूल माधवनगर और सेक्रट हार्ट स्कूल कुठला के कक्षा 7 से 12वीं तक के छात्र-छात्रा भाग लेंगे। कार्यक्रम के आयोजन के लिए छात्र-छात्राओं के बैठने, पेयजल, माईक-साउंड, बैनर सहित सभी व्यवस्थाओं का पूरा दायित्व झिंझरी स्थित सीएम राईज स्कूल के प्राचार्य को सौंपा गया है। उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के लिए कहा गया है।



# जिले के साढ़े तीन लाख घरों तक पहुंचेंगे स्वयंसेवक

**आरएसएस ने शुरू किया व्यापक गृह संपर्क अभियान**

**नवभारत, कटनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर देश भर में व्यापक गृह संपर्क करने की योजना है। इस निमित्त महाकौशल प्रांत में भी रविवार 30 नवंबर 2025 से 20 दिसंबर तक व्यापक गृह संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया है। महाकौशल प्रांत के 10 विभाग, 34 जिलों के 23914 ग्राम और नगरीय क्षेत्र की 894 बस्तियों के 65 लाख से अधिक परिवारों तक गृह संपर्क किया जाएगा। हर घर तक संपर्क हो सके कोई भी घर न छूटे इस दृष्टि से 5-5 संघ स्वयंसेवक, विविध क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ टोली का निर्माण किया गया है। प्रत्येक टोली में 2- 2 मातृशक्तियों को जोड़ा गया है। संपर्क में प्रत्येक घर में भारत माता का स्टीकर लगाया जाएगा और संघ की जानकारी वाला एक पत्रक भी भेंट किया जाएगा। समाज परिवर्तन की दृष्टि से सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण जागरूकता, स्वदेशीयुक्त जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य जैसे विषयों की भी चर्चा करेंगे। साहित्य विक्रय भी होगा। दरअसल व्यापक गृह संपर्क अभियान का उद्देश्य समाज की बातों को सुनना और संवाद स्थापित करना है। राष्ट्रीय विचारों को घर-घर तक पहुंचाना है। जिले के भी साढ़े तीन लाख घरों तक संघ के स्वयंसेवक पहुंचेंगे। 98 मंडल 947 गांव और 38 बस्तियां तक संघ और वैचारिक संगठन के बंधु और मातृशक्ति पहुंच करके राष्ट्रीय विचार को घर-घर तक पहुंचाएंगे।

### एक नजर में

## आज से 20 जनवरी तक प्रतिबंधित रहेगी धान की निकासी, आदेश जारी

**नवभारत, कटनी।** जिले में समर्थन मूल्य पर 1 दिसंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी केन्द्रों पर उपज की अवैध बिक्री रोकने के लिए जिला प्रशासन एलर्ट मोड में है। इसके मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के व्यापारियों द्वारा क्रय कर भंडारित की गई धान की निकासी पर प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर द्वारा प्रतिबंध लगाने संबंधी जारी आदेश उपार्जन अवधि 1 दिसंबर से 20 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि में धान निकासी की अनुमति संबंधित अनुविभाग के एसडीएम द्वारा लिखित में दिए जाने पर अधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति में निकासी की जाएगी। अनुमति के पूर्व यह तय किया जाएगा कि किसी भी स्थिति में यह धान उपार्जन केंद्र में विक्रय के लिए नहीं लाई जाए। आदेश में कहा गया है कि जिन्स की गुणवत्ता को यथा स्थिति बनाए रखने के दृष्टिगत कीटोपचार की कार्रवाई की अनुमति संबंधित एसडीएम से की जा सकेगी। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि गोदाम व वेयर हाउस में भंडारित जिन्स की सुरक्षा की जवाबदारी गोदाम व वेयर हाउस मालिक की होगी। कलेक्टर ने समस्त गोदाम व वेयर हाउस संचालकों को भंडारित अधिसूचित कृषि उपज की जानकारी तत्काल अपने क्षेत्र की संबंधित कृषि उपज मंडी समिति में निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रारूप में वेयरहाउस का नाम, वेयरहाउस संचालक का नाम, स्थान, दिनांक, मोबाइल नंबर, जिन्स का नाम, व्यापारी या फर्म का नाम, भंडारित मात्रा, भंडारण अवधि, किसान का नाम, किसान का मोबाइल नंबर, पता, भंडारण की मात्रा और भंडारण की अवधि की जानकारी देना अनिवार्य है। कलेक्टर ने सचिव, कृषि उपज मंडी समिति को गोदाम बंद किए जाने के भी निर्देश दिए हैं।

## लघु उद्योग की बैठक 5 को

**नवभारत, कटनी।** जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में 5 दिसंबर को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला व्यापार उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान ने सभी संबंधितों से निर्धारित समय पर पहुंचने के लिए कहा है।

# निर्धारित समय पर पूरा करें एसआईआर का कार्य

**नगर निगम आयुक्त ने दिए अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश**



**नवभारत, कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के पालन में कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता गहन पुनरीक्षण सूची 2026 का कार्य प्रगति पर है। नगरीय क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम सीमा के समस्त वार्डों में निवासरत नागरिकों की सुविधा और एसआईआर कार्य के दौरान गणना पत्रक वितरण, संग्रहण, डिजिटाइजेशन कार्य में सहयोग के मद्देनजर निगमायुक्त आईएएस तपस्या परिहार द्वारा निगम कर्मचारियों को संलग्न कर कार्य में गति लाने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त ने शहरी क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम कार्यालय, तीन जोन कार्यालय सहित नगर के विभिन्न वार्डों में निगम कर्मचारियों द्वारा मतदाता गहन पुनरीक्षण सूची 2026 के कार्यों गणना पत्रक के वितरण, संग्रहण, एसआईआर फार्म डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संलग्न कर्मचारियों को डिजिटाइजेशन कार्य में गति लाने के निर्देश दिए है।

उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूलों में जाकर और गणना पत्रक भरने से वंचित रहे शेष नागरिकों से संपर्क कर फार्म भरने,जमा करने और डिजिटाइजेशन की कार्रवाई जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश भी संलग्न कर्मचारियों को दिए है।

इस महत्वपूर्ण कार्य में संलग्न ऑपरेटरों को प्रतिदिन के लक्ष्य अनुरूप फार्म का डिजिटाइजेशन कर प्रतिदिन की रिपोर्ट से अवगत कराने की भी हिदायत दी गई है। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि फार्म भरने से लेकर वापसी कराने और डिजिटाइजेशन कर रिपोर्ट भेजने तक पूरी प्रक्रिया को निर्धारित की गई समय-सीमा में करना सभी की जिम्मेदारी है। निगमायुक्त ने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रतिदिन लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के लिए कहा है ताकि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समय में पूरा किया जा सके।

# जिले के किसानों के लिए भेजी गई 2020 मीट्रिक टन यूरिया खाद

**किसानों को जरूरत के अनुसार मिलेगी पर्याप्त खाद**



**नवभारत, कटनी।** जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से लगातार संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की 3 और रैक शनिवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे जिले को 2020 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। कलेक्टर ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके। उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 270 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 330 मीट्रिक टन, मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 180 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जाएगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 515 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जाएगी। इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान ढीमरखेड़ा, प्रयदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 80-80 मीट्रिक टन यूरिया जबकि सीएमएस रीठी और सीएमएस बड़वारा को 60-60 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जाएगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 125 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जाएगी।

जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। कलेक्टर ने किसानों से कहा है कि वे खाद और बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद, बीज मिलने में परेशानी संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 और 07622-220071 पर दी जा सकती है। किसानों की समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा।

# आज से शुरू होगी खरीदी, व्यापारियों और बिचौलियों पर रहेगी नजर

**निगरानी के लिए जिला प्रशासन ने गठित की टीम**



**नवभारत, कटनी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से जिले में 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक धान का उपार्जन किया जाएगा। कलेक्टर आशीष तिवारी ने धान उपार्जन के लिए वर्तमान में 84उपार्जन केंद्र निर्धारित किए है और इनके पर्यवेक्षण और सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया है। जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर 5 और खरीदी केंद्र बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिनका संचालन स्व-सहायता समूहों द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर ने सर्वेयरों, उपार्जन केन्द्र प्रभारियों , समिति प्रबंधकों और आपरेटर्स के प्रशिक्षण के दौरान ही खरीदी केन्द्रों में आपसी समन्वय से किसानों के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को दो टूक हिदायत दी है कि किसानों की मेहनत से उगाई गई, उनकी उपज का दाना-दाना ख़रीदा जाएगा। लेकिन बाहरी धान की आवक विशेष कर दलालों, व्यापारियों और बिचौलियों पर पैनी नजर रखी जाए। इनकी निगरानी के लिए राजस्व, खाद्य और कृषि उपज मंडी की संयुक्त टीम सक्रिय हैं। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान का समर्थन मूल्य 2369 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

किसानों से उपार्जन कार्य सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक 5 दिवस सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक किया जाएगा। किसान तौल पर्ची शाम 6 बजे तक जारी की जाएगी। जिन किसानों की उपज की तौल अपरिहार्य कारणवश सोमवार से शुक्रवार के बीच निर्धारित दिवस को नहीं हो सकेंगी तो उनकी तौल शनिवार को की जाएगी।

# ठंड से बचाने के लिए कराई जा रही अलाव व्यवस्था

**जरूरतमंद लोगों को रैन बसेरा में रात बिताने की सलाह**



**नवभारत, कटनी।** शहर में बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने अलाव व्यवस्था को सक्रिय कर दिया है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त आईएएस तपस्या परिहार के निर्देश पर निगम की फील्ड टीमों ने मुख्य बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, चौराहों और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर अलाव जलाने की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की है। निगम प्रशासन ने बताया कि ठिठुरती रातों में रिक्शा-चालक, मजदूर, फुटपाथ विक्रेताओं और जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना प्राथमिकता है। इसके लिए निर्धारित स्थलों पर समय-समय पर जलाऊ लकड़ी की आपूर्ति की जा रही है। स्वच्छता शाखा के कर्मचारियों को निगरानी के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही, रैन-बसेरा वाहन सेवा भी सक्रिय है, जो रात में असहाय और बेघर लोगों को निकटस्थ रैन-बसेरा तक पहुंचाने का कार्य लगातार कर रही है। जरूरतमंद लोगों को खुले आसमान के नीचे रात बिताने की बजाय रैन बसैरा में जाकर रहने के लिए कहा गया है।

# महिला की हालत गंभीर, जिला अस्पताल जाने से इंकार

**खून की कमी होने पर जिला अस्पताल किया गया रेफर**



**नवभारत, उमरियापान।** जिले के ढीमरखेड़ा के ग्राम बरौदा में निवासी गर्भवती महिला कविता पति अजीत कोल गंभीर स्वास्थ्य संकट से जूझ रही हैं। ब्लाक मेडिकल आफीसर बीके प्रसाद ने बताया कि जांच के दौरान उनका हीमोग्लोबिन स्तर मात्र 3.4 ग्राम पाया गया, जो अत्यंत खतरनाक स्थिति मानी जाती है। ऐसी अवस्था में तत्काल ब्लड ट्रान्सफ्यूजन आवश्यक होता है, ताकि मां और गर्भस्थ शिशु दोनों की जान सुरक्षित रह सके। महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर सभी प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं देने के बाद डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। लेकिन स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा समझाइश देने के बाद भी महिला और उसके परिजनों ने जिला अस्पताल नहीं जा रहे हैं। इस मामले की जानकारी बीएमओ ने उच्च अधिकारियों को तत्काल सूचना भेजी है। जिला अस्पताल प्रशासन ने कहा है कि ऐसे मामलों में स्वास्थ्यकर्मियों के निर्देशों का पालन किया जाए और समय पर इलाज करवाकर अनावश्यक स्वास्थ्य जोखिम से बचा जाए।

# खेलों से विकसित होतीं नेतृत्व और तत्काल निर्णय लेने की क्षमता

**कॉलेजा के छात्राओं के बीच कराई गई खो-खो प्रतियोगिता**



**नवभारत, कटनी।** जिले में आयोजित जिला स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 12 कॉलेजों की टीम शामिल हुईं। इन कॉलेजों में शासकीय तिलक स्नातकोत्तर कॉलेज, शासकीय कन्या कॉलेज, श्रमदान कॉलेज कैमोर, शासकीय कॉलेज सिलौड़ी, शासकीय कॉलेज उमरियापान, शासकीय कॉलेज विजयराघवगढ़,शासकीय कॉलेज ढीमरखेड़ा, शासकीय कॉलेज बरही, शासकीय कॉलेज बहोरीबंद, शासकीय कॉलेज रीठी, शासकीय कॉलेज बड़वारा और कटनी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय कन्या कॉलेज की प्राचार्य डॉ चित्रा प्रभात रहीं। इस अवसर पर उन्होने कहा कि खो-खो जैसे खेल छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और तत्काल निर्णय क्षमता को विकसित करते हैं। छात्राओं का ऐसा उत्साह देखकर विश्वास होता है कि जिला स्तर से प्रतिभाएं निखर कर बड़े मंच तक पहुंचेंगी। दो दिवसीय प्रतियोगिता के संयोजक डॉ राजकुमार ने कहा सभी टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया है। यह प्रतियोगिता न सिर्फ खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाती है, बल्कि उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी करती है। फाइनल मैच शासकीय कॉलेज बरही और शासकीय तिलक कॉलेज के बीच खेला गया। फाइनल मैच में बरही की टीम ने तिलक कॉलेज को हरा दिया।

निरीक्षण

बड़वारा विकासखंड के ग्रामीण अंचल पहुंचे कलेक्टर, विकास, निर्माण और एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण

# गुणवत्ता को ध्यान में रखकर निर्धारित समय पर पूरा कराएं पंचायत भवन निर्माण कार्य



**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने शनिवार को विकासखंड बड़वारा के ग्रामों का औचक भ्रमण कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य, बिजौरी में जल प्रदाय योजना, आंगनवाड़ी केन्द्र और निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य सहित विलायतकला उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। इसके बाद कलेक्टर ने करनपुरा नंबर एक ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना बिजौरी में नल-जल योजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण कर निरीक्षण किया और आम का पौधा लगाया। योजना का संचालन मप्र जलनिगम परियोजना क्रियान्वयन ईकाई शहडोल द्वारा किया जा रहा है। योजना में कटनी और उमरिया जिले के 107 ग्राम सम्मिलित है। जिसमें 47 ग्राम कटनी जिले के बड़वारा विकासखंड के और शेष 60 ग्राम उमरिया जिले के हैं। इस नल-जल योजना से जिले के 47 ग्रामों की 48 हजार 410 लोगों को शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। कलेक्टर ने बिजौरी में करीब 37 लाख रूपए की लागत से निर्माणाधीन ग्राम पंचायत भवन का कार्य देखा और इसे पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्र बिजौरी का भी निरीक्षण किया और यहां मौजूद रही टीकाकरण टीम से चर्चा की। कलेक्टर बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 46 पथवारी के स्कूल पहुंचे। जहां उन्होंने बीएलओ देववती सिंह से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। जिस पर बताया गया कि सौ-फीसदी डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा हो गया है।

इस पर कलेक्टर ने बीएलओ को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और अन्य बीएलओ को इनके कार्यों का अनुकरण करने की बात कही। साथ ही समीप स्थित स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर एएनएम आरती श्रीवास्तव से अनमोल पोर्टल पर दर्ज जानकारियों प्रसूता कार्ड, महिलाओं को लगने वाले टीकाकरण, बच्चों के टीकाकरण के यूविन पोर्टल में एंट्री की स्थिति को भी स्वयं देखा। कलेक्टर विलायतकला स्थित धान खरीदी केंद्र पहुंचे और खरीदी प्रभारी लखन पटेल को निर्देशित किया कि एक दिसम्बर से शुरू होने वाली धान खरीदी को देखते हुए किसानों के लिए सभी जरूरी सुविधाएं करें। इस दौरान तहसीलदार ऋषि गौतम, अनुराधा सिंह, मध्यप्रदेश जल निगम के सहायक यंत्री राहुल मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ बड़वारा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# नगरीय क्षेत्र के भूमिहीनों को मिलेगा आवासीय पट्टा

**नवभारत, कटनी।** मध्य प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार, जिले के नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्तियों को आवासीय पट्टा दिया जाना है। इसी क्रम में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर नगर परिषद बरही के भूमिहीन व्यक्तियों को आवासीय भूमि का पट्टा प्रदान करने के लिए सर्वेक्षण दल गठित किया गया है। एसडीएम विजयराघवगढ़ विवेक गुप्ता द्वारा जारी आदेश के अनुसार गठित सर्वेक्षण दल के अध्यक्ष नायब तहसीलदार, बरही होंगे। जबकि मुख्य नगरपालिका अधिकारी बरही, संबंधित राजस्व निरीक्षक, संबंधित हल्का पटवारी और संबंधित निकाय के वार्ड प्रभारी इस दल के सदस्य होंगे। आदेश में गठित दल को 13 दिसंबर 2025 तक सर्वेक्षण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए है। सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्यों का पूरी गंभीरता के साथ करने के लिए कहा गया है।

